# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

पत्रांक : बी0एड0(परीक्षा)/06/3461
दिनांक : 02.07.2020

## अधिसूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि बी0एड0 (द्विवर्षीय पाठ्यक्रम) सत्र 2019–21 प्रथम वर्ष की मुख्य परीक्षा हेतु एम0जे0पी0 रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली द्वारा सम्पन्न कराई गई काउंसिलिंग एवं एम0जे0पी0 रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली द्वारा उपलब्ध कराये गये डाटा के अनुसार चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के अन्तर्गत प्रवेशित छात्र/छात्राओं के परीक्षा–फार्म, एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध अल्पसंख्यक संस्थानों (विश्वविद्यालय पोर्टल पर रजिस्टर्ड अल्पसंख्यक कोटे के अन्तर्गत संस्थानों को प्राप्त कुल सीटो के 50 प्रतिशत में से विश्वविद्यालय में प्राप्त कराई गई प्रवेशित छात्र/छात्राओं की सूची के अनुसार) के छात्र/छात्राओं के परीक्षाफार्म भरवाये जाने है।

**परीक्षाफार्म भरने का कार्यक्रम निम्नवत् प्रस्तावित है:–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | छात्र/छात्राओं द्वारा वैबसाईट पर ऑनलाईन परीक्षाफार्म भरने की प्रारम्भिक तिथि | – | 03.07.2020 |
| 02 | छात्र/छात्राओं द्वारा वैबसाईट पर ऑनलाईन परीक्षाफार्म भरवाये जाने एवं परीक्षा शुल्क ऑनलाईन जमा कराने की अन्तिम तिथि | – | 13.07.2020 |
| 03 | महाविद्यालय/संस्थानों के द्वारा विश्वविद्यालय के बी0एड0 परीक्षा अनुभाग में **पूर्ण परीक्षाफार्म प्रमाण पत्रों सहित ऑनलाईन** जमा करने की अन्तिम तिथि | – | 15.07.2020 |

उपरोक्त परीक्षा के परीक्षाफार्म उपरोक्तानुसार निर्धारित तिथि के अनुरूप ही विश्वविद्यालय वैबसाईट–**ccsuweb.in** पर ऑनलाईन भरकर जमा कराये जायेंगें।

**फार्म भरने की प्रक्रिया प्रारम्भ करने से पूर्व निर्देशों को ठीक से पढ़ें:–**

1. सर्वप्रथम विश्वविद्यालय वेबसाइट **www.ccsuweb.in** पर Click करें।
2. समस्त सम्बन्धित विद्यार्थियों को परीक्षा फार्म भरते समय अपना फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड करना अनिवार्य है। विद्यार्थी अपने परीक्षा फार्म पर अलग से फोटो न चिपकाये अन्यथा की दशा में परीक्षा फार्म निरस्त किया जायेगा। विद्यार्थी अपना परीक्षा फार्म ध्यान से भरे क्योंकि परीक्षा फार्म केवल एक बार ही भरा जायेगा।
3. बी0एड0 द्विवर्षीय पाठ्यक्र के अन्तर्गत संचालित मुख्य एवं भूतपूर्व/बैक पेपर परीक्षा के विद्यार्थी उन्हें पिछले वर्ष में आवंटित अनुक्रमांक अंकित करे, इसके पश्चात Submit पर क्लिक करें। क्लिक करने पर उनका समस्त विवरण खुल जायेगा। तत्पश्चात् परीक्षा फार्म में माँगा गया पूर्ण विवरण भरने के पश्चात Submit Form पर क्लिक करें। Submit Form पर क्लिक करने से पूर्व अपना सम्पूर्ण विवरण पुनः अवश्य चैक कर लें। क्लिक करने के पश्चात् फार्म प्रिन्ट के लिए तैयार है।
4. परीक्षा फार्म एवं परीक्षा शुल्क ऑन लाईन के माध्यम से ही भरी जायेगी। किसी भी स्थिति में ड्राफ्ट स्वीकार नहीं किया जायेगा।
5. परीक्षा फार्म में वाँछित सूचनायें इन्टरनेट पर ऑन लाईन (On Line) ही भरी जायेगी।
6. परीक्षा फार्म मोबाईल फोन के माध्यम से भी ऑन लाईन (On Line) भरा जा सकेगा।
7. परीक्षा फार्म भरने के उपरांत विद्यार्थी परीक्षा फार्म का प्रिन्ट निकाल ले अथवा अपने मोबाईल फोन पर Download कर लें।
8. महाविद्यालय/संस्थान द्वारा विश्वविद्यालय को प्राप्त कराये गये परीक्षा फार्मों में यदि उपरोक्त वर्णित निर्देशों के सम्बन्ध में कोई त्रुटि विश्वविद्यालय द्वारा इंगित की जाती है और इस कारण से किसी छात्र का परीक्षा फार्म निरस्त होता है तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित छात्र तथा महाविद्यालय/संस्थान के प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक की होगी, विश्वविद्यालय इसके लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

विशेष निर्देश:-

i. महाविद्यालय/संस्थान द्वारा यह सुनिश्चित किया जाय कि बी0एड0 के उक्त परीक्षा फार्मों की **नोमिनल रोल (Nominal Roll-List), परीक्षा फार्म एंव प्रमाण पत्रों सहित विश्वविद्यालय की** Email ID : **ccsumrtbedexam@gmail.com पर भेजना होगा** । इन परीक्षा फार्मों को महाविद्यालय/संस्थान अपने पास सुरक्षित रखेगें।

ii. महाविद्यालय/संस्थान द्वारा यह सुनिश्चित किया जाय कि छात्रों द्वारा भरे गये परीक्षा फार्मों को ऑनलाईन प्राप्त करते हुये परीक्षा फार्म को अर्हतानुसार अग्रसारित कर, प्रिन्ट अपने यहाँ निकाल कर सुरक्षित रख लें।

iii. **नोमिनल रोल लिस्ट** विश्वविद्यालय में जमा कराये जाने के समय महाविद्यालय/संस्थान द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि कम्प्यूटर एजेन्सी द्वारा बनायी गयी ऑन लॉइन नॉमिनल रोल लिस्ट जो संस्थान के पोर्टल पर प्रेषित की गयी है केवल वही जमा होगी, संस्थान द्वारा अपने स्तर से निर्मित की गयी नहीं।

iv. फार्म विश्वविद्यालय में जमा कराये जाने के समय विश्वविद्यालय द्वारा दिये गये समस्त अग्रिम देयकों (जैसे कि प्रोविजनल डिग्री फीस एव परीक्षा हेतु दिये गये अग्रिम धनराशि आदि) का समायोजन कराकर लेखा विभाग द्वारा जारी अदेयता प्रमाण-पत्र (**No-dues Certificate**) की छाया प्रति परीक्षा फार्मों के साथ संलग्न करना अनिवार्य है अन्यथा की स्थिति मे परीक्षा फार्म स्वीकार नही किये जायेगें।

v. महाविद्यालयों/संस्थानों द्वारा यह सुनिश्चित किया जाय कि उक्त प्रणाली के अन्तर्गत संचालित पाठ्यक्रम में किसी भी विद्यार्थी को दो वर्षों (एक मुख्य वर्ष एव एक भूतपूर्व छात्र के रूप में) का परीक्षा फार्म एक साथ न सत्यापित किया जाये अन्यथा की स्थिति मे उनका परीक्षा फार्म स्वतः ही निरस्त हो जायेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान एवं स्वयं विद्यार्थियों की होगी।

vi. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक को इस आश्य के साथ कि परीक्षाफार्म का सत्र तथा छात्र/छात्राओं की अर्हता की जाँच के उपरान्त ही विश्वविद्यालय में जमा करायें एंव इसी के साथ यह भी सुनिश्चित कर लें कि किसी भी छात्र/छात्रा के द्वारा भरे गये परीक्षाफार्म में तात्विक अनियमितता/काल्पनिक एंव कूटरचित तथ्य पाये जाने पर सम्बंधित छात्र/छात्रा एंव महाविद्यालय/संस्थान स्वयं उत्तरदायी होंगे।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

01 प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक बी0एड0 पाठ्यक्रम संचालित समस्त महाविद्यालय/संस्थान सम्बद्व चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ इस निर्देश के साथ प्रेषित की उक्त सूचना से अपने महाविद्यालय/संस्थान के विद्यार्थियों को अवगत कराने का कश्ट करें।
02 सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
03 सचिव प्रति-कुलपति को प्रति-कुलपति जी के सूचनार्थ।
04 संकायाध्यक्ष शिक्षा, चौ0चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ।
05 वैयक्तिक सहायक परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक के सूचनार्थ।
06 वैयक्तिक सहायक कुलसचिव को कुलसचिव के सूचनार्थ।
07 वित्त अधिकारी/सहा0 कुलसचिव(लेखा) के सूचनार्था।
08 सहा0 कुलसचिव(परीक्षा)।
09 प्रभारी अतिगोपनीय/सामान्य भण्डार।

10 विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि वे छात्र हित में समस्त समाचार पत्रों में निशुल्क प्रकाशित कराने की व्यवस्था करें।

11 वि0वि0 द्वारा अधिकृत कम्पनी को इस आशय के साथ प्रेषित कि परीक्षाफार्म भली भाँति जाँच कर भरवायें जाने हेतु।

12 प्रभारी वैबसाईट।

परीक्षा नियंत्रक